सीयूएच में होगी बीएड की पढ़ाई

विस, गुड़गांव : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएच) महेंद्रगढ़ में अब बीएड की पढ़ाई भी होगी। नैशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) की मंजूरी के बाद विश्वविद्यालय में नए सत्र में बीएड पाठ्यक्रम उपलब्ध होगा। विश्वविद्यालय में बीएड की 100 सीटों पर दाखिले होंगे। दो यूनिट में शुरू होने वाले इस दो वर्षीय पाठ्यक्रम में अध्ययन व व्यवहारिक प्रशिक्षण का मौका स्टूडेंट्स को उपलब्ध होगा। कुलपति प्रोफेसर आर. सी. कुहाड़ ने रहा विश्वविद्यालय इस कोर्स में दाखिला सेंट्रल यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेस टेस्ट (सीयूसीईटी) के आधार पर करेगा।

केंद्रीय विवि में होगी बीएड की पढ़ाई

नारनौल (निस) : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएच), महेंद्रगढ़ में अब बैचलर आफ एजूकेशन (बीएड) की पढ़ाई भी होगी। नेशनल कौंसिल फार टीचर एजूकेशन (एनसीटीई) की मंजूरी के बाद विश्वविद्यालय में नए सत्र 2017-18 से बीएड पाठ्यक्रम भी उपलब्ध होगा। विश्वविद्यालय में बीएड की 100 सीटों पर दाखिले होंगे। दो यूनिट में शुरू होने वाले इस दो-वर्षीय पाठ्यक्रम में अध्ययन व व्यावहारिक प्रशिक्षण का अवसर विद्यार्थियों को उपलब्ध होगा। विश्वविद्यालय एनसीटीई रेगुलेशन, 2014 के अनुसार इस कोर्स का संचालन करेगा। कुलपति प्रो.आरसी कुहाड़ का कहना है कि विश्वविद्यालय इस कोर्स में दाखिला सेंट्रल यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेस टेस्ट (सीयूसीईटी) के आधार पर करेगा।

दैनिक ट्रिब्यून Tue, epap

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में होगी बीएड की पढ़ाई, 100 सीटों पर होंगे दाखिले

महेंद्रगढ़ | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएच), महेंद्रगढ़ में अब बैचलर ऑफ एजुकेशन (बीएड) की पढ़ाई भी होगी। नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) की मंजूरी के बाद विवि में नए सत्र 2017-18 से बीएड पाठ्यक्रम भी उपलब्ध होगा। विवि में बीएड की 100 सीटें पर दाखिले होंगे। कुलपति प्रोफेसर आरसी कुहाड़ का कहना है कि विश्वविद्यालय इस कोर्स में दाखिला सेंट्रल यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेस टेस्ट (सीयूसीईटी) के आधार पर करेगा। बीएड पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए 6 माह की ट्रेनिंग अनिवार्य रहेगी।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में होगी बी.एड. की पढ़ाई

सत्र 2017-18 से 100 सीटों पर होंगे दाखिले

नैशनल एजुकेशन फॉर टीचर एजुकेशन ने दी मंजूरी

बी.एड. की पढ़ाई के लिए तैयार के.वि.वि. भवन। (मोहन)

महेंद्रगढ़, 5 दिसम्बर (परमजीत/मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सी.यू.एच.), महेंद्रगढ़ में अब बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.) की पढ़ाई भी होगी। नैशनल काऊंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एन.सी.टी.ई.) की मंजूरी के बाद विश्वविद्यालय में नए सत्र 2017-18 से बी.एड. पाठ्यक्रम भी उपलब्ध होगा। विश्वविद्यालय में बी.एड. की 100 सीटों पर दाखिले होंगे। 2 यूनिट में शुरू होने वाले इस 2 वर्षीय पाठ्यक्रम में अध्ययन व व्यावहारिक प्रशिक्षण का अवसर विद्यार्थियों को उपलब्ध होगा। विश्वविद्यालय एन.सी.टी.ई. रैगुलेशन, 2018 के अनुसार इस कोर्स का संचालन करेगा। कुलपति प्रोफैसर आर.सी. कुहाड़ का कहना है कि विश्वविद्यालय इस कोर्स में दाखिला सैंट्रल यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रैंस टैस्ट (सी.यू.सी.ई.टी.) के आधार पर करेगा। प्रो. कुहाड़ ने विश्वविद्यालय में बी.एड. की शुरूआत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस कोर्स की मदद से विश्वविद्यालय योग्य प्रशिक्षित शिक्षक तैयार करेगा जोकि भविष्य में स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग की प्रमुख डा. सारिका शर्मा कहती है कि अभी विभाग में एम.फिल., पीएच.डी. और एम.ए. की पढ़ाई होती है। नए सत्र से बी.एड. भी उपलब्ध होगा। विश्वविद्यालय में शुरू हो रहे बी.एड. पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए 6 माह की ट्रेनिंग अनिवार्य रहेगी।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Tue, 06 December 2016
epaper.punjabkesari.in//c/15153294